# विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/394 दिनांक :- 6/8/2021

प्रति,

प्राचार्य,
समस्त शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय,(शिक्षा महाविद्यालयों को छोड़कर)
विक्रम विश्वविद्यालय,परिक्षेत्र।

**विषय :- सत्र 2021-22 में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता/निरंतरता/सीट वृद्धि के संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत करने बाबत्।**

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, सत्र 2021-22 में महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों की सम्बद्धता/निरंतरता/सीट वृद्धि के संबंध में, विद्यापरिषद् की स्थाई समिति की बैठक दिनांक 18.05.2021 के निर्णयानुसार, निर्धारित प्रारूप में संलग्न शपथ पत्र, रू. 100/- के स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड करवा कर, विश्वविद्यालय में आवरण पत्र के साथ पॉच दिवस में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत करें।

उपरोक्त शपथ पत्र प्रस्तुत न करने की स्थिति में सम्बद्धता/निरंतरता/सीट वृद्धि प्रकरण पर विचार नहीं किया जा सकेगा, जिसकी समस्त जवाबदारी महाविद्यालय की होगी।

**आदेशानुसार**

**संलग्न :- शपथ पत्र का प्रारूप**

**उपकुलसचिव(अकादमिक)**

क्रमांक/अकादमिक/सम्बद्धता/2021/395 दिनांक :- 6/8/2021

**प्रतिलिपि :-**

01. निदेशक, महाविद्यालयीन विकास परिषद्, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
02. उप/सहायक कुलसचिव परीक्षा/गोपनीय विभाग, विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन।
03. प्रभारी, ऑनलाईन सेंटर, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।
04. प्रभारी वेबसाईट,कम्प्यूटर सेंटर की ओर विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।
05. माननीय कुलपतिजी/कुलसचिवजी के निजी सहायक,विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन। की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

**सहायक कुलसचिव(अकादमिक)**

# शपथ –पत्र

मैं.......................................................आत्मज/आत्मजा.......................................................उम्र.......... वर्ष निवासी................................................................................................ शपथ पूर्वक कथन करता/करती हूँ कि :–

01. मैं शपथ गृहिता शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय/समिति.......................................................में ........................................... के पद पर कार्यरत हूँ तथा महाविद्यालय/समिति की ओर से सत्र 2021–22 की विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन में सम्बद्धता/निरंतरता/सीट वृद्धि परिपालन में यह शपथ पत्र प्रस्तुत करने हेतु अधिकृत हूँ।

02. मैं शपथ गृहिता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/करती हूँ कि....................................................... महाविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रम (संचालित पाठ्यक्रम का नाम एवं सीट संख्या का उल्लेख करें).

.........................................................................................................................................

.........................................................................................................................................

विक्रम विश्वविद्यालय से सम्बद्धता/निरंतरता प्राप्त है। उपरोक्त पाठ्यक्रमों का सत्र 2021–22 का शुल्क ऑनलाईन/आर.टी.जी.एस. के माध्यम से दिनांक.................... को विश्वविद्यालय कोष में जमा किया गया है। (रसीद की प्रति संलग्न)

03. मैं शपथ गृहिता शपथ पूर्व सत्य कथन करता/करती हूँ कि, विक्रम विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालय का भविष्य में निरीक्षण किया जाता है तो महाविद्यालय द्वारा निरीक्षण करवा लिया जावेगा एवं यदि किसी प्रकार की कोई कमी पाए जाने पर महाविद्यालय द्वारा उसकी पूर्ति की जावेगी एवं समय–समय पर विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त सभी निर्देशों का पालन यथावत महाविद्यालय द्वारा किया जावेगा इसके साथ ही मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग,भोपाल/विश्वविद्यालय परीनियम क्रमांक 27 एवं 28 के प्रावधानों का अक्षशः दिशा निर्देश का पालन महाविद्यालय द्वारा किया जावेगा।

इति, दिनांक ........./........../............ हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा

स्थान................................................ (प्राचार्य/संस्था का सचिव)

## –:: सत्यापन ::–

मैं शपथ गृहिता शपथ पूर्वक सत्य कथन करता/करती हूँ कि शपथ पत्र में पद संख्या 01 से लगायत 03 तक में लिपीबद्ध समस्त कथन पूर्णतः सत्य है, इसमें असत्य कथन कुछ नहीं लिखाया है, और न ही किसी कथन को छुपाया गया है।

इति, दिनांक ........./........../............

स्थान................................................

हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा
(अध्यक्ष शासी निकाय)

हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा
(प्राचार्य/संस्था का सचिव)

नोट :- उपरोक्त शपथ पत्र रू. 100/- के स्टाम्प पेपर पर नोटराईज्ड करवा कर विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करें।